अभी मास्क भी वैक्सीन है

दैनिक भास्कर

DainikBhaskar.com
14 दिसंबर, 2021

जनपद में पानी के स्रोत तलाशने राजीव गांधी इंस्टीटयूट कर रही सर्वे

भास्कर न्यूज | महोबा

जनपद में पानी के स्रोत तलाशने के लिए राजीव गांधी इंस्टीटयूट ऑफ पेट्रोलियम टेक्नोलॉजी जायस, अमेठी द्वारा सर्वे किया जा रहा है। 20 दिसम्बर तक चलने वाले इस अभियान का नेतृत्व प्रोफेसर सतीश सिन्हा व प्रो. हेमन्त सिंह कर रहे है। 10 दिन तक चलने वाले सर्वे अभियान में जनपद के 10 विभिन्न स्थानों पर अण्डर ग्राउण्ड वाटर का सर्वे कर शासन को रिपोर्ट सौंपी जायेगी।

पूर्व में जनपद के डार्क जोन में आने जाने के कारण सरकार के निर्देश पर राजीव गांधी इंस्टीटयूट ऑफ पेट्रोलियम टेक्नोलॉजी जायस, अमेठी द्वारा जनपद में पानी के स्रोत तलाशने हेतु सर्वे किया जा रहा हैं। यह सर्वे 20 दिसम्बर तक निरन्तर चलता रहेगा। सर्वे प्रोफेसर सतीष सिन्हा व प्रो. हेमन्त सिंह के नेतृत्व में किया जा रहा है। सोसाइटी आर्फ एक्सप्लोरेशन जिओफिजिसिस्ट (एसईजी) के सहयोग से लगाये गये इस कैम्प में भूजल अन्वेषण के लिये भू भौतिकीय तकनीकि (ईआरटी), ग्राउण्ड पैनेट्रेटिंग रडार (जीपीआर) और भूकम्पीय सर्वेक्षण विभिन्न वैज्ञानिक उपकरणों के द्वारा किया जा रहा है। टीम द्वारा दस दिन तक दस प्रमुख स्थानों पर अण्डर ग्राउण्ड वाटर सर्वे किया जायेगा। बाद में इसकी रिपोर्ट शासन को भेज दी जायेगी।